**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 590**
**मंगलवार, 03 फरवरी, 2026/14 माघ,1947 (शक) को उत्तरार्थ**

**राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद**

**+590. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः**
**श्री पुट्टा महेश कुमारः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) द्वारा स्थापित प्रशिक्षण संस्थानों की कुल संख्या का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रशिक्षण संस्थानों के लिए संस्वीकृत और जारी की गई निधि का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उन राज्यों में प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की योजना बना रही है जहां एनसीसीटी के तहत ऐसा कोई संस्थान मौजूद नहीं है;

(घ) यदि हां, तो शेष राज्यों में उक्त संस्थान स्थापित करने की समय-सीमा से संबंधित ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार के पास राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) द्वारा प्रस्तावित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की कुल संख्या के संबंध में कोई जानकारी है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और गत पांच वर्षों में प्रशिक्षित लाभार्थियों की राज्यवार संख्या कितनी है; और

(छ) राष्ट्रीय सहकारिता प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) द्वारा संचालित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) आज की तारीख के अनुसार राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) ने देशभर में कुल 20 प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए हैं जिनमें राष्ट्रीय स्तर पर वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान

(वैमनीकॉम), 5 क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (RICMs) और देशभर में फैले 14 सहकारी प्रबंध संस्थान (ICMs) शामिल हैं । इन प्रशिक्षण संस्थानों का राज्य-वार ब्योरा **संलग्नक-I** में दिया गया है :

(ख) विगत 5 वर्षों के दौरान एनसीसीटी द्वारा स्थापित प्रशिक्षण संस्थानों के लिए संस्वीकृत और जारी की गई निधियों का वर्ष-वार ब्योरा निम्नानुसार है:

| **संस्वीकृत और जारी की गई निधियों का वर्ष-वार ब्योरा** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | राशि करोड़ रु में |
| मद | वित्तीय वर्ष | | | | |
| | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| संस्वीकृत अनुदान | 51.74 | 53.82 | 44.00 | 44.79 | 46.70 |
| जारी अनुदान | 51.74 | 53.82 | 44.00 | 44.79 | 46.70 |

(ग) और (घ) वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (वैमनीकॉम), क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थानों (आरआईसीएम) और सहकारी प्रबंध संस्थानों (आईसीएम) के माध्यम से राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को प्रशिक्षण सहायता सुनिश्चित करती है । जिन राज्यों में कोई प्रशिक्षण संस्थान मौजूद नहीं है वहाँ प्रशिक्षण का उत्तरदायित्व निकटतम क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान/सहकारी प्रबंध संस्थान द्वारा लिया जाता है । इसके अतिरिक्त, सरकार के मंत्रालय ने 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी (टीएसयू) के नाम से सहकारी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का विश्वविद्यालय स्थापित किया है और सभी राज्यों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने संबंधित क्षेत्राधिकार के एक संस्थान को 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी (टीएसयू) के साथ संबद्ध करें ।

(ङ) और (च) एनसीसीटी अपने प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से सहकारी व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, कंप्यूटर एप्लीकेशन्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, सहकारी प्रबंधन में उच्चतर डिप्लोमा (पत्राचार), डेयरी डिप्लोमा, औद्योगिक डिप्लोमा और शहरी सहकारी बैंक प्रबंधन में डिप्लोमा संचालित करता है । विगत पांच वर्षों के दौरान प्रशिक्षित क्षेत्र-वार लाभार्थियों का ब्योरा **संलग्नक-II** में दिया गया है ।

(छ) विगत पांच वर्षों में एनसीसीटी और इसके प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा संचालित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वर्ष-वार ब्योरा **संलग्नक-III** में दिया गया है ।

*****

**संलग्नक - I**

| क्रम सं. | संस्थान का नाम | स्थान | संस्थानों के क्षेत्राधिकार वाले राज्य |
|---|---|---|---|
| 1 | वैमनीकॉम , पुणे | महाराष्ट्र | राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर |
| 2 | आरआईसीएम, बैंगलोर | कर्नाटक | कर्नाटक |
| 3 | आरआईसीएम, चंडीगढ़ | पंजाब | पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर तथा दिल्ली |
| 4 | आरआईसीएम, गांधीनगर | गुजरात | गुजरात |
| 5 | आरआईसीएम, कल्याणी | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान और निकोबार |
| 6 | आरआईसीएम, पटना | बिहार | बिहार और झारखंड |
| 7 | आईसीएम, भोपाल | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ |
| 8 | आईसीएम, भुवनेश्वर | उड़ीसा | ओडिशा |
| 9 | आईसीएम, चेन्नई | तमिलनाडु | तमिलनाडु, पुडुचेरी |
| 10 | आईसीएम, देहरादून | उत्तराखंड | उत्तराखंड |
| 11 | आईसीएम, गुवाहाटी | असम | असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम |
| 12 | आईसीएम, हैदराबाद | तेलंगाना | आंध्र प्रदेश, तेलंगाना |
| 13 | आईसीएम, इंफाल | मणिपुर | मणिपुर, नागालैंड |
| 14 | आईसीएम, जयपुर | राजस्थान | राजस्थान |
| 15 | आईसीएम, कन्नूर | केरल | केरल |
| 16 | आईसीएम, लखनऊ | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश |
| 17 | आईसीएम, मदुरै | तमिलनाडु | तमिलनाडु, पांडिचेरी |
| 18 | आईसीएम, नागपुर | महाराष्ट्र | महाराष्ट्र, |
| 19 | आईसीएम, पुणे | महाराष्ट्र | महाराष्ट्र, गोवा |
| 20 | आईसीएम, तिरुवनंतपुरम | केरल | केरल |

**संलग्नक - II**

**एनसीसीटी केअंतर्गत प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का ब्योरा**

| **डिप्लोमा पाठ्यक्रम** | **अवधि** | **क्षेत्रक** | | **2020-21** | | **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | | **2024-25** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **कार्यक्रम की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रम की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रम की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रम की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** | **कार्यक्रम की सं.** | **प्रतिभागियों की सं.** |
| **पीजीडीसीबीएम** - सहकारी व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा | 1 वर्ष | सामान्य सहकारी समितियां (सभी क्षेत्रों के लिए) | वैमनीकॉम | 1 | 23 | 1 | 29 | 1 | 25 | 1 | 15 | 1 | 24 |
| **पीजीडीसीए** - कंप्यूटर एप्लीकेशंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा | 1 वर्ष | सभी क्षेत्रों के लिए | आईसीएम, इंफाल | 1 | 10 | 1 | 10 | 1 | 12 | 1 | 15 | 1 | 11 |
| **एचडीसीएम (आर)** - सहकारी प्रबंधन में उच्च डिप्लोमा (नियमित) | 36 सप्ताह | सभी क्षेत्रों के लिए | सभी इकाइयाँ | 6 | 268 | 13 | 499 | 19 | 503 | 15 | 503 | 8 | 265 |
| **HDCM ( C)** | 36 | सभी | सभी | 35 | 1263 | 24 | 939 | 19 | 586 | 21 | 688 | 12 | 320 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| - सहकारी प्रबंधन में उच्च डिप्लोमा (पत्राचार) | सप्ताह | क्षेत्रों के लिए | इकाइयाँ | | | | | | | | | | |
| डेयरी डिप्लोमा | 12 सप्ताह | डेयरी सहकारी समितियां | एनआईसीएम चेन्नई, आईसीएम तिरुवनंतपुरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 99 | 2 | 41 | 3 | 78 |
| औद्योगिक डिप्लोमा | 12 सप्ताह | औद्योगिक सहकारी समितियां | आरआईसीएम चंडीगढ़, आरआईसीएम कल्याणी, आरआईसीएम पटना, आईसीएम भोपाल, आईसीएम, देहरादून, आईसीएम हैदराबाद, आईसीएम जयपुर | 2 | 55 | 8 | 284 | 12 | 404 | 12 | 372 | 11 | 497 |
| **डीयूसीबीएम डिप्लोमा -** शहरी सहकारी बैंक प्रबंधन में डिप्लोमा | 12 सप्ताह | शहरी बैंकिंग सहकारी समितियां | आरआईसीएम, बैंगलोर | 5 | 486 | 9 | 563 | 6 | 164 | 10 | 319 | 5 | 196 |

| **वर्ष** | **कार्यक्रमों की कुल संख्या** | **प्रतिभागियों की कुल संख्या** |
|---|---|---|
| 2020–21 | 50 | 2105 |
| 2021–22 | 56 | 2324 |
| 2022–23 | 61 | 1793 |
| 2023–24 | 62 | 1953 |
| 2024–25 | 41 | 1391 |
| **कुलयोग** | **270** | **9566** |

**संलग्नक - III**

| वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान एनसीसीटी और इसके प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2020-21** | **2021-2022** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **कुल योग** |
| कार्यक्रम की संख्या | 1015 | 1480 | 2957 | 3579 | 4231 | **13262** |
| प्रतिभागियों की संख्या | 36991 | 58472 | 184931 | 221669 | 308943 | **811006** |